**INDIAN SCHOOL SOHAR**
**FINAL EXAMINATION (2023-24)**
**SUBJECT-HINDI (COURSE-B)**
**SUBJECT CODE-085**

**CLASS: IX** **MAX.MARKS: 80**
**DATE: 20/02/2024** **TIME: 3 HOURS**

**सामान्य निर्देश :**

* इस प्रश्न-पत्र में कुल दो खंड हैं – खंड 'अ' और 'ब' ।
* खंड 'अ' में वस्तुपरक प्रश्न हैं ।
* खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न हैं ।
* इस प्रश्न-पत्र में 19 प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
* दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।
* प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़कर यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए ।

## खंड - अ (वस्तुपरक प्रश्न)

**प्रश्न-1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए – (1x5)**

प्राकृतिक सुंदरता हमारी प्रकृति का एक अनमोल आभूषण है। यह सबसे सुंदर और चमकीली तस्वीरों का संग्रह है, जिसे हम स्वयं को विश्राम और पुनर्जीवन के लिए समर्पित कर सकते हैं। यह हमें आनंद, शांति और प्राकृतिक सादगी की अनुभूति कराती है। प्रकृति में हर प्राणी, पौधा, वनस्पति और तत्व अपनी अद्‌भुतता के कारण उन्नति का स्त्रोत बन जाते हैं। प्रकृति की सुंदरता न केवल उसकी रंगीनता में है, बल्कि इसकी आदर्श स्थिति, सफ़ाई, शांति और प्रकृति के साथी प्राणियों की विविधता में भी है। वन्य जीवों की छवि और वनस्पतियों की सुंदरता हमें एक-दूसरे के साथ संतुष्टि और समरसता का अनुभव कराती है। पहाड़ों की ऊँचाई, नदियों की धारा, सागरों की लहरें और आकाश में छाया हुआ सूर्य हमें आनंद और आत्मरंजन प्रदान करते हैं। प्रकृति की सुंदरता मनोहारी होने के साथ-साथ मन को भी शांति और स्वस्थ रखने की शक्ति प्रदान करती है। प्रकृति हमारे जीवन का महत्त्वपूर्ण अंग है और हमारी अस्तित्व की सूत्रधार है। प्रकृति का महत्त्व न केवल हमारे शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य के लिए है, बल्कि यह हमारे पूर्ण विकास और प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रकृति हमें नई ऊर्जा और जीवन की शक्ति प्रदान करती है और हमारे चित्त को शांति और स्थिरता से भर देती है। प्रकृति हमें शुद्ध वातावरण देती है, जिससे हमारा स्वास्थ्य अच्छा रहता है और रोगों का संकट कम होता है। वनों और पर्यावरण की सुरक्षा हमें ताज़गी और प्राकृतिक संतुलन की अनुभूति कराती है। पेड़-पौधों की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है जो ऑक्सीजन को उत्पन्न करते हैं और वायुमंडल को शुद्ध करते हैं। प्रकृति हमें जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं को प्रदान करती है जैसे कि खाद्य, जल, और ऊर्जा। प्रकृति का महत्त्व धार्मिक और आध्यात्मिक उपयोग के अलावा आर्थिक महत्त्व भी है।

**(i) प्राकृतिक सौंदर्य को किसके समान माना गया है ?**
(क) पुनर्जीवन के
(ख) पहाड़ों की ऊँचाई के
(ग) अमूल्य गहने के
(घ) तस्वीरों के संग्रह के

**(ii) प्राकृतिक सुंदरता हमें कौन-कौन सी भावनाओं का अनुभव कराती है ?**
(क) आनंद, शांति और प्राकृतिक सादगी
(ख) प्रेम, समरसता और सत्य
(ग) शक्ति, खुशी और अद्‌भुतता
(घ) आदर्श स्थिति, सफ़ाई और शांति

**(iii) प्रकृति में कौन अपनी अद्‌भुतता के कारण उन्नति का स्त्रोत बन जाते हैं ?**
(क) रंगीनता
(ख) शांति
(ग) आदर्श स्थिति
(घ) हर प्राणी, पौधा, वनस्पति और तत्व

**(iv) खाद्य, जल, और ऊर्जा किसलिए महत्त्वपूर्ण मानी जाती हैं ?**
(क)प्रकृति की मूलभूत
(ख) खेलने की मूलभूत
(ग) मानव जीवन की मूलभूत
(घ)जीवन की बहुमूल्य

(v) कथन (A) और कारण (R)को पढ़कर सही उत्तर के लिए उपयुक्त विकल्प चुनिए –

कथन (A)– प्रकृति हमें शुद्ध वातावरण देती है।

कारण (R)– जिसके कारण हमारा शरीर रोगों से लड़कर स्वस्थ रहता है।

(क) कथन (A) गलत है और कारण (R)सही है।

(ख) कथन (A) सही है और कारण (R) गलत है।

(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

(घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं।

प्रश्न-2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए – (1x5)

यह एक सर्वविदित तथ्य है कि मानवीय गुणों का अधिकाधिक विकास विपरीत परिस्थितियों में ही होता है। जीवन में सर्वत्र इस सत्य के उदाहरण भरे हुए हैं। कष्ट और पीड़ा आंतरिक वृत्तियों के परिशोधन के साथ ही एक ऐसी आंतरिक दृढ़ता को जन्म देते हैं जो मनुष्य को तप्त स्वर्ण की भाँति खरा बनाता है। विपत्तियों के पहाड़ से टकराकर उसका बल बढ़ता है। हृदय में ऐसी अद्‌भुत वृत्ति का जन्म होता है कि एक बार कष्टों से जूझकर वह फिर उनको खेल समझने लगता है। उसके हृदय में विपत्तियों को ठोकर मारकर अपना मार्ग बना लेने की वीरता उत्पन्न हो जाती है। मन की भाँति ही शरीर की दृढ़ता शारीरिक श्रम के द्वारा आती है। शारीरिक परिश्रम उसके शरीर को बलिष्ठ बनाता है। विपत्तियों में तप कर दृढ़ हुए शरीर की भाँति परिश्रम की अग्नि में तपकर शरीर का लोहा इस्पात बन जाता है। एक शायर ने खूब कहा है,'मुश्किलें इतनी पड़ी मुझ पर कि मंज़िल आसान हो गई।' सत्य से परिचित कराने के लिए जो कार्य कष्टों का आधिक्य करता है, शारीरिक दृढ़ता के लिए वही कार्य श्रम करता है। दोनों ही ऐसे हथौड़े हैं जो पीट-पीटकर शरीर और मन में इस्पाती दृढ़ता को जन्म देते हैं।

(i) विपरीत परिस्थितियाँ किस का कारण हैं ?

(क) अनुकूल परिस्थितियों को रोकने की
(ग) सामाजिक चुनौतियाँ स्वीकारने की
(ख) समस्या समाधान की
(घ) मानवीय गुणों के विकास की

(ii) मनुष्य को सोने जैसा शुद्ध बनाने में सहायक है

(क) शरीर की दृढ़ता
(ग) आंतरिक दृढ़ता
(ख) विश्वास की दृढ़ता
(घ) विपत्तियों से टकराव

(iii) विपत्तियों के बीच अपना मार्ग बना लेने की क्षमता कब उत्पन्न होती है?

(क) बाधाओं से बचकर
(ग) कष्टों से जुड़कर
(ख) कष्टों से खेलकर
(घ) साधन संपन्न बनकर

(iv) 'लोहा इस्पात बन जाता है' कथन का आशय है

(क) दुर्बल सबल बन जाता है
(ग) सबल अति प्रबल बन जाता है
(ख) बलहीन बलवान बन जाता है
(घ) निर्मल प्रबल बन जाता है

(v) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए –

(i) शारीरिक परिश्रम उसके शरीर को बलिष्ठ बनाता है।

(ii) मानवीय गुणों का विकास अनुकूल परिस्थितियों में ही होता है।

(iii) परिश्रम की अग्नि में तपकर शरीर का इस्पात लोहा बन जाता है।

(iv) परिश्रम की अग्नि में तपकर शरीर का लोहा इस्पात बन जाता है।

गद्यांश से संबंधित वाक्यों के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए –

(क) (i), (iii)
(ग) (ii), (iii)
(ख) (i), (ii)
(घ) (i), (iv)

प्रश्न-3. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनिए – (1x2)

(i) पद किसे कहते हैं ?

(क) वाक्य में प्रयुक्त शब्द को
(ग) शब्दों के समूह को
(ख) वर्गों के समूह को
(घ) शब्दों के परिचय को

**(ii) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यान से पढ़कर 'शब्द और पद' से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए –**

**(i) पद का अस्तित्व वाक्य में ही संभव है।**
**(ii) शब्द भाषा की स्वतंत्र इकाई नहीं हैं।**
**(iii) पद व्याकरण के नियमों से बंधे हुए नहीं होते हैं ।**
**(iv) वाक्य में प्रयुक्त शब्द ही पद कहलाते हैं ।**

**विकल्प**

| | |
|---|---|
| **(क) i, ii** | **(ग) ii, iii** |
| **(ख) i, iii** | **(घ) i, iv** |

**प्रश्न-4. पूछे गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए– (1x2)**

**(i) निम्नलिखित शब्दों में से उस शब्द को चुनिए, जिसमें अनुस्वार का प्रयोग हुआ है –**

| | |
|---|---|
| **(क) गाँव** | **(ग) मुँह** |
| **(ख) जंगल** | **(घ) धुँधले** |

**(ii) किस शब्द के साथ अनुस्वार का प्रयोग नहीं किया गया, लिखिए –**

| | |
|---|---|
| **(क) सुन्दर** | **(ग) तंबू** |
| **(ख) रंगीन** | **(घ) नींद** |

**(iii) उचित स्थान पर अनुस्वार / अनुनासिक लगाकर मानक रूप लिखिए –**

| | |
|---|---|
| **(क) आतंक** | **(ग) आतक** |
| **(ख) आंतंक** | **(घ) आँतक** |

**प्रश्न-5. निर्देशानुसार पूछे गए प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए - (1x4)**

**(i) 'अधपका' में कौन-सा उपसर्ग है?**

| | |
|---|---|
| **(क) अधि** | **(ग) अत** |
| **(ख) अध** | **(घ) अद** |

**(ii) 'सार' मूलशब्द में सही उपसर्ग और प्रत्यय वाला जोड़ा कौन-सा होगा ?**

| | |
|---|---|
| **(क) सन , ईक** | **(ग) स , इक** |
| **(ख) सत , ईक** | **(घ) सम् , इक** |

**(iii) 'सुमृत्यु' शब्द में मूलशब्द क्या होगा ?**

| | |
|---|---|
| **(क) मृत्यू** | **(ग) मृत्यु** |
| **(ख) मरत्यु** | **(घ) मर्त्य** |

**(iv) किस शब्द में 'आवा' प्रत्यय नहीं लगा है ?**

| | |
|---|---|
| **(क) धावा** | **(ग) छलावा** |
| **(ख) बुलावा** | **(घ) दिखावा** |

**(v)निम्नलिखित विकल्पों पर विचार कीजिए और उन्हें चुनिए, जिनमें उपसर्ग-प्रत्यय का उपयोग किया गया है –**

**(i) अभाव, प्रदान, आपूर्ति, अत्यंत**
**(ii) वियोग, सफल, सुलभता, उपयोगी**
**(iii) पत्रिका, देवत्व , बेचैनी , सुपुत्री**
**(iv) शारीरिक, सभ्यता, अंकित, व्यक्तित्व**

**उपसर्ग –प्रत्यय से संबंधित उचित विकल्प का चयन कीजिए –**

| | |
|---|---|
| **(क) (i), (iii)** | **(ग) (ii), (iii)** |
| **(ख) (i), (iv)** | **(घ) (ii), (iv)** |

**प्रश्न-6. पूछे गए प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए - (1x3)**

**(i) निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द गुण संधि का उदाहरण नहीं होगा ?**

(क) नरेंद्र (ग) पूर्वोदय

(ख) रवींद्र (घ) यथेष्ट

**(ii) 'स्वाधीन' के लिए संधि-विच्छेद वाला सही विकल्प क्या होगा ?**

(क) स्व + अधीन (ग) सु + अधीन

(ख) स्व + आधीन (घ) सव + आधीन

**(iii)'दो वर्णों के मेल से होने वाले विकार को---- कहते हैं।'रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उचित विकल्प होगा ?**

(क) संधि (ग) उपसर्ग

(ख) समास (घ) प्रत्यय

**(iv) दीर्घ संधि वाला उचित विकल्प कौन-सा होगा ?**

(क) वधू + उर्मि, महा + आशय , शुभ + इच्छा

(ख) भानु + उदय , प्रतीक्षा + आलय , अधिक + अंश

(ग) महात्मा , मुख्यालय , यद्यपि

(घ) अल्पोक्ति , पर्वतारोही , भावुक

**प्रश्न-7. पूछे गए प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए - (1x3)**

**(i) न तो मैं चाय पिऊँगा और न कॉफी वाक्य में किस विराम-चिह्न का प्रयोग होगा ?**

(क) ? (ग) ।

(ख) - (घ) ,

**(ii) जो लड़की काम कर रही है, वह मेरी छोटी बहन है। वाक्य में किन विराम-चिह्नों का प्रयोग हुआ है ?**

(क) अल्पविराम और पूर्णविराम (ग) पूर्णविराम और अल्पविराम

(ख) अल्पविराम और अर्धविराम (घ) विस्मयाबोधक और अर्धविराम

**(iii) निम्नलिखित विकल्पों में से उद्धरण /अवतरण चिह्न वाला वाक्य कौन-सा है ?**

(क) पूजा के लिए दान-दक्षिणा चाहिए।

(ख) क्या तुम मेरी किताब लाए हो ?

(ग) लाल बहादुर शास्त्री ने नारा दिया था – "जय जवान , जय किसान।"

(घ) मित्रों ! अब आपको कंधे से कंधा मिलाकर चलना है।

**(iv) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यान से पढ़कर उचित विराम-चिह्नों वाला विकल्प कौन-सा होगा ?**

(क) कैलेंडर की तारीखें अपनी सीमा में फड़फड़ा रही हैं।

(ख) इस कविता के रचयिता रामधारी सिंह दिनकर हैं।

(ग) तब मेरे हाथ में वाकी-टाकी दिया गया।

(घ) व्यक्तिगत रूप से एम डी को सबका लाडला बना दिया था।

विकल्प

1 क और ख 3 क और ग

2 ख और ग 4 क और घ

**प्रश्न-8. पूछे गए प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए - (1x2)**

**(i) 'बच्चे मैदान में खेल रहे हैं।' अर्थ की दृष्टि से वाक्य का कौन-सा भेद होगा ?**

(क) विस्मयादिबोधक (ग) निषेधवाचक

(ख) आज्ञावाचक (घ) विधानवाचक

**(ii) 'संकेतवाचक' के लिए सही विकल्प क्या होगा ?**

(क) शायद आज बारिश आए।

(ख) अरे ! तुम कब आए ?

(ग) वह मेहनती भी है और ईमानदार भी।

(घ) यदि बीमार न पड़ता , तो परीक्षा दे सकता था।

(iii) 'अब क्यों तुम सुनोगे , मेरी बात।' अर्थ की दृष्टि से वाक्य का कौन-सा भेद होगा ?

(क) संकेतवाचक

(ख) इच्छावाचक

(ग) निषेधवाचक

(घ) विधानवाचक

प्रश्न 9. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प छाँटकर दीजिए- (1x5)

अग्निपथ ! अग्निपथ ! अग्निपथ !
वृक्ष हों भले खड़े ,
हों घने , हों बड़े ,
एक पत्र – छाँह भी माँग मत , माँग मत , माँग मत ।
अग्निपथ ! अग्निपथ ! अग्निपथ !
तू न थकेगा कभी !
तू न थमेगा कभी !
तू न मुड़ेगा कभी ! – कर शपथ, कर शपथ, कर शपथ!
अग्निपथ ! अग्निपथ ! अग्निपथ !

(i) अग्निपथ से क्या अभिप्राय है ?

(क) मुश्किलों से भरा रास्ता

(ख) आग की लपटों से घिरा रास्ता

(ग) आग की संभावना वाला रास्ता

(घ) अग्नि और ज्वाला से भरा रास्ता

(ii) उपर्युक्त पंक्तियों में कवि किसे संबोधित कर रहा है ?

(क) सृष्टि को

(ख) मनुष्य को

(ग) प्रकृति को

(घ) समस्त जीव जगत को

(iii) कवि बार-बार शपथ लेने को क्यों कहता है ?

(क) पथिक के हार के डर से

(ख) पथिक को संघर्ष पथ पर बनाए रखने के लिए

(ग) पथिक को लक्ष्य के प्रति जागरूक करने के लिए

(घ) उपर्युक्त सभी विकल्प सही हैं।

(iv) निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए –

(i) हमें संघर्ष से घबराना नहीं चाहिए।

(ii हमें हर हाल में अपने लक्ष्य तक पहुँचना चाहिए।

(iii) हमें जीवन की क्षणिक सुविधाओं में खोना नहीं चाहिए।

(iv) हमें जीवन सभी सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए कोई भी रास्ता अपनाना चाहिए।

पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए-

(क) (i), (ii) और (iv)

(ख) (ii), (iii) और (iv)

(ग) (i), (ii) और (iii)

(घ) (i), (iii) और (iv)

(v) काव्यांश की पंक्तियों से कवि क्या संदेश देना चाहता है ?

(क) कर्मशील बनने का

(ख) जैसे-तैसे लक्ष्य पाने का

(ग) कभी नहीं सोने का

(घ) अमीरों से सुखरूपी छाया पाने का

**प्रश्न 10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए –**

**(i) 'नए इलाके में' कविता में कवि को किस पर भरोसा नहीं है ? (1)**

**(क) सोच पर** **(ग) स्मृति पर**

**(ख) समय पर** **(घ) श्रम पर**

**(ii) खुशबू रचते हैं हाथ' कविता में कवि का मुख्य उद्देश्य क्या है ? (1)**

**(क) गरीबों पर व्यंग्य** **(ग) प्रकृति का चित्रण**

**(ख) गंदे वातावरण का चित्रण** **(घ) स्वस्थ समाज का निर्माण**

**प्रश्न 11. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प छाँटकर दीजिए- (1x5)**

**उपनेता प्रेमचंद, जो अग्रिम दल का नेतृत्व कर रहे थे, 26 मार्च को पैरिच लौट आए। उन्होंने हमारी पहली बड़ी बाधा खुंभु हिमपात की स्थिति से हमें अवगत कराया। उन्होंने कहा कि उनके दल ने कैंप-एक (6000 मी.), जो हिमपात के ठीक ऊपर है, वहाँ तक का रास्ता साफ़ कर दिया है। एवरेस्ट शंकु की चोटी पर इतनी जगह नहीं थी कि दो व्यक्ति साथ-साथ खड़े हो सकें। चारों तरफ़ हजारों मीटर लंबी सीधी ढलान को देखते हुए हमारे सामने प्रश्न सुरक्षा का था। हमने पहले बर्फ़ के फावड़े से बर्फ की खुदाई कर अपने आपको सुरक्षित रूप से स्थिर किया। इसके बाद मैं अपने घुटनों के बल बैठी बर्फ़ पर अपने माथे को लगाकर मैंने 'सागरमाथे' के ताज का चुंबन लिया।**

**(i) अग्रिमदल का नेतृत्व कौन कर रहा था?**

**(क) उपनेता प्रेमचंद** **(ग) शिवकुमार**

**(ख) जंग बहादुर** **(घ) विष्णु बहादुर।**

**(ii) किसके बहने से बर्फ़ की बड़ी-बड़ी चट्टानें गिरने लगती हैं?**

**(क) पानी के** **(ग) ग्लेशियर के**

**(ख) हवा में** **(घ) नदी के**

**(iii) निम्नलिखित कथन (A) तथा (R) कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए -**

**कथन (A)- कैंप-एक (6000 मी.),जो हिमपात के ठीक ऊपर है, वहाँ तक का रास्ता साफ़ कर दिया है।**

**कारण(R)- वहाँ पहुँचकर हमने पहले बर्फ के फावड़े से बर्फ की खुदाई कर अपने आपको सुरक्षित रूप से स्थिर किया।**

**(क) कथन (A) तथा कारण(R)दोनों ही गलत हैं।**

**(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण(R) सही है।**

**(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण(R) उसकी गलत व्याख्या करता है।**

**(घ) कथन (A) तथा कारण(R) दोनों सही है तथा कारण(R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।**

**(iv) एवरेस्ट का शिखर कैसा था?**

**(क) वृत्ताकार** **(ग) शंक्काकार**

**(ख) ऊबड़-खाबड़** **(घ) कठोर।**

**(v) बचेंद्री ने एवरेस्ट पर पहुँचकर सबसे पहले क्या किया?**

**(क) एवरेस्ट की बर्फ़ को माथे से लगाया** **(ग) भोजन किया**

**(ख) अपने साथियों का धन्यवाद किया** **(घ) अपने भाग्य को सराहा।**

**प्रश्न 12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए –**

**(i) लड़के की मृत्यु के दिन ही बुढ़िया खरबूजे बेचने क्यों चल दी ? (1)**

**(क) उसके घर में खाने को कुछ भी नहीं था।**

**(ख) उसके पोता-पोती भूख से बिलबिला रहे थे।**

**(ग) उसकी बहु बुखार से तप रही थी।**

**(घ) उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं।**

**(ii) महादेव भाई के कार्य करने की क्या विशेषता थी ?** **(1)**

**(क) वे चार घंटे का काम एक घंटे में कर देते थे।**
**(ख) वे एक दिन में दस घंटे काम करते थे।**
**(ग) वे केवल पढ़ते थे।**
**(घ) वे बिना सोए रहते थे।**

## खंड 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)

**प्रश्न 13. दिए गए प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए –** **(3+3)**

**(क) रैदास के पदों का केंद्रीय भाव अपने शब्दों में लिखिए।**
**(ख)'गीत-अगीत' कविता में वर्णित प्रकृति के साथ पशु-पक्षियों के संबंध की व्याख्या कीजिए।**
**(ग) रहीम ने सागर की अपेक्षा पंक जल को धन्य क्यों कहा है?**

**प्रश्न 14. दिए गए प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए –** **(3+3)**

**(क)'दुख का अधिकार' पाठ के शीर्षक की सार्थकता पर अपने विचार प्रकट कीजिए ।**
**(ख) सर चंद्रशेखर वेंकट रामन् के जीवन से प्राप्त होने वाले संदेश को अपने शब्दों में लिखिए।**
**(ग) सत्कार की ऊष्मा समाप्त होने पर क्या हुआ ? 'तुम कब जाओगे' पाठ के आधार पर लिखिए।**

**प्रश्न 15. दिए गए प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए –** **(3+3)**

**(क) लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू क्या करता था ?**
**(ख) लेखक ने किस तरह अत्यंत सूझ-बूझ से अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह किया? 'स्मृति' पाठ के आलोक में स्पष्ट कीजिए। इससे आपको क्या सीख मिलती है ?**
**(ग)'कल्लू कुम्हार की उनाकोटी' लेख में लेखक को अपनी यात्रा के दौरान किन खतरों का सामना करना पड़ा ? ऐसी परिस्थितियों को रोकने के लिए कुछ सुझाव दीजिए।**

**प्रश्न 16. निम्नलिखित विषयों में से <u>किसी एक</u> विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए -** **(6)**

**(क) दिनोंदिन बढ़ती महँगाई**
- **संकेत बिंदु – महँगाई और आम आदमी पर प्रभाव,**
- **कारण,**
- **महँगाई रोकने के उपाय,**
- **सरकार के कर्त्तव्य।**

**(ख) नर हो, न निराश करो मन को**
- **संकेत बिंदु –आत्मविश्वास और सफलता,**
- **आशा से संघर्ष में विजय,**
- **कुछ भी असंभव नहीं,**
- **महापुरुषों की सफलता का आधार।**

**(ग) सबको भाए मधुर वाणी**
- **संकेत बिंदु –मधुर वाणी सबको प्रिय,**
- **मधुर वाणी एक औषधि,**
- **मधुरवाणी का प्रभाव,**
- **मधुर वाणी की प्रासंगिकता।**

**प्रश्न17. आपका छोटा भाई शौर्य अपने जन्मदिन पर महँगा मोबाइल फ़ोन चाहता है। अध्ययन काल में मोबाइल फ़ोन के दुष्प्रभावों का वर्णन करते हुए लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। (6)**

**<u>अथवा</u>**

**जीवन मूल्य ही मनुष्य को सच्चा मनुष्य बनाते हैं। जीवन में जीवन-मूल्यों की महत्ता बताते हुए अपने छोटे भाई को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।**

**प्रश्न 18.नए विद्यालय में अपने पुत्र का दाखिला दिलवाने के लिए अभिवावक और प्रधानाचार्य के मध्य हुई बातचीत को लगभग 100 शब्दों में लिखिए। (5)**

**<u>अथवा</u>**

**समाज में फ़िल्मों का स्तर गिरता जा रहा है। फ़िल्में बनाने का उद्देश्य पैसा कमाना भर रह गया है। इसी संबंध में साहित्यकार और फ़िल्म निर्माता के मध्य हुई बातचीत को लगभग 100 शब्दों में लिखिए।**

**प्रश्न 19. चित्र को देखकर आपके मन में जो विचार उठे, उन्हें लगभग 100 शब्दों में क्रमबद्ध लिखिए। (5)**

